ऐतिहासिक दुर्लभ वस्तुओं की प्रदर्शनी लगी

ब्यावर, (निसं) आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय और विरासत का संग्रह- गोपाल सम्राट के संयुक्त तत्वावधान में पुरातत्व ऐतिहासिक दुर्लभ वस्तुओं की विशाल प्रदर्शनी का भावी आयोजन विद्यालय सभागार में आयोजित किया जा रहा है। विशाल प्रदर्शनी के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी गौरव बुद्धानिया तथा विशेष अतिथि- रमेश भराडिया विद्यालय प्रबंध समिति, अध्यक्ष और नवीन कुमार सैनी, प्रधानाचार्य थे।

मुख्य अतिथि गौरव बढ़ानिया ने कहा- समय के साथ लुप्त हो चुकी ऐसी दुर्लभ वस्तुओं की जानकारी आने वाली पीढ़ी को मुहैया करना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। प्रदर्शनी में आए विद्यालय के सभी छात्र/छात्रा ने भविष्य की पीढ़ी के लिए प्रदर्शनी और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के महत्व का पता लगाने का अवसर पाकर रोमांचित थे। संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शन शहर वासी को बहुत प्रभावित कर रही है तथा सैकडो लोगों ने पुरातात्विक महत्व की वस्तुएं एवं संग्रह का अवलोकन किया।

100 ट्रैक्टरों चौपहिया वाहनों से निकाली सरपंच की स्वागत रैली, जेसीबी मशीनों से की पुष्प वर्षा

मेडता सिटी, (निसं.)। मेडता के समीपवर्ती ग्राम अकेली में बुधवार देर शाम को उच्च न्यायालय के स्टे आदेश के बाद ग्राम पंचायत आकेली 'ए' के सरपंच पद पर बहाल होने पर प्रथम बार गाँव आने पर संतों की गरिमामई उपस्थिति में आकेली 'ए' एवं गेमलियावास के वरिष्ठ नागरिक गणों, महिलाओं, गाँव के नौजवानों ने कात्यासनी स्कूल के मुख्य द्वार से आकेली गाँव के ब्रह्मा वाटिका तक 100 के क़रीब ट्रेक्टर एवं चौपहिया दुपहिया वाहनों से रैली निकालकर अपनी मजबूती और एकता का प्रदर्शन कर ख़ुशी ज़ाहिर करी एवं श्री महादेव गौशाला में गायों के लिए गुड का वितरण किया।

इस दौरान सरपंच गोलिया ने आकेली गाँव के चारभुजा मंदिर, महादेव मंदिर, ब्रह्मा वाटिका एवं अवधूत आश्रम में ईश्वर के धोक लगाकर आशीर्वाद लिया।

गाँव की महिलाओं एवं बच्चियों द्वारा अपने लोक लाड़ले सरपंच का गुड़ से मुँह मीठा करवाया और साथ ही साथ

सरपंच के कोर्ट केस से बहाल होने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया।

बुजुर्ग महिलाओं ने मंगलगीतों से अभिनंदन किया। पूरे रास्ते में ग्रामीणों द्वारा लगातार आतिशबाज़ी जारी रही। रैली ब्रह्मा वाटिका पहुँचते ही सरपंच को युवाओं ने कंधे पर उठा लिया एवं सैंकड़ों की तादाद में उपस्थित जनसमूह ने जेसीबी मशीनों से फूलों की वर्षा कर एवं माला साफ़ा पहनाकर स्वागत किया। ब्रह्मा वाटिका के नवनिर्मित बड़े सत्संग हॉल में परम पूज्य संत श्री मुमुक्षुराम जी महाराज एवं रामस्नेही संत श्री गोविंदराम जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों से सरपंच एवं उपस्थित नागरिकों को संबोधित कर गाँव में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करी।

इस दौरान सरपंच संघ नागौर के ज़िला अध्यक्ष, सरपंच गोलिया ने अपने संबोधन में अभिनंदन के लिए सभी का आभार प्रकट किया एवं कहा कि चाहे कैसी भी परिस्थितियाँ आये लेकिन ठाम पंचायत आकेली 'ए' के विकास कार्य लगातार जारी रहेंगे। पिछले पंद्रह वर्षों के राजनीतिक जीवन में मैंने और मेरी टीम ने कई उतार चढ़ाव देखे हैं लेकिन कभी हार नहीं मानी। जनता की ताक़त जिसके साथ होती हैं, ईश्वर भी उसका साथ देता हैं, उसका कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता। देवतुल्य जनता की सेवा में, मैं और मेरे युवा साथी सदैव हाज़िर रहेंगे।

शिव महापुराण कथा 22 से

अजमेर, (कासं)। अरावली पहाड़ी श्रृंखला की तारागढ़ पहाड़ी पर बने प्राचीन गढ़बीठली महादेव मंदिर पर पहली बार शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन 22 से 29 जुलाई तक किया जा रहा है। मंहत शशि गिरी महाराज के सान्निध्य में कथा के दौरान धार्मिक आयोजन होंगे।

महंत सचिव सागर मीणा ने बताया कि सावन माह में 22 जुलाई प्रथम सोमवार से तारागढ़ स्थित प्राचीन महादेव गढ बीठली महादेव मंदिर में शिव महापुराणा कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। 22 जुलाई को प्रथम दिन महिलाएं कलश यात्रा, पोथी पूजन, देवपुजन, व्यास पूजन व शिवपुराण महात्म्य का शुभारंभ होगा। 23 जुलाई को आदि शिवलिंग पूजन विधि, 24 को नारी मोह धनपति कुबेर का पूर्व चरित्र, 25 को संध्या देवी की कथा, सती चरित्र, 26 को पार्वती जी का प्राकट्य महोत्सव, 27 को माता पार्वती को ब्राह्मण पत्नी द्वारा पति व्रत धर्म का उपदेश, श्री गणेश प्राकट्य महोत्सव, 28 को त्रिपुरासुर वध, जालधंर उद्धार, सहित शिवजी के विभिन्न अवतार एवं द्वादेष ज्योतिलिंग महात्यम तथा 29 जुलाई को हवन यज्ञ में पूर्णाहूति के साथ समापन होगा।

नाम परिवर्तन

मैंने मेरा नाम प्रदीप जैन पुत्र सुरेंद्र कुमार चौरडिया से बदल कर प्रदीप चौरडिया पुत्र सुरेंद्र कुमार चौरडिया कर दिया है भविष्य में मुझे सभी दस्तावेजों में इसी नाम से जाना जावे।

प्रार्थी-प्रदीप चौरडिया
S/o सुरेंद्र कुमार चौरडिया
बिजयनगर जिला ब्यावर

NAME CHANGE

I, JABUN NASSA is Mother of Army No. 15780408H, Rank : HAV (OCC), Name:-JANNAT HOSSAIN, Residing At Vill:- SINGTORE, Po:-KUSHMANDI, Tehsil:- BUNIUDPUR, Dist:- SOUTH DINAJPUR, State:- WEST BENGAL, Pin:- 733132 have change my Name from JABUN NASSA to JEBUN NECHHA vide Affidavit No. BW 247664 Dated 17/07/2024 before Court campus Nasirabad

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई–निविदा आमन्त्रण सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कैरिज अजमेर द्वारा खुली ई–निविदा संख्याः कैरिज 16–2024 दिनांक 17.07.2024 आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **कार्य का नाम एवं स्थानः "142 एलएचबी कोचों के बाहरी कोच बॉडी और दरवाजों पर फ्लीट ग्राफिक फिल्म की सप्लाई और अप्लाई (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार)"**, अनुमानित लागतः रु.25204375.20/- ,टेण्डर डॉक्यूमेंटः रु. 00.00, **बयाने राशिः** रु.276000.00/-, **ई–टेंडर फॉर्म जमा करने का समय व तारीखः** दिनांक 09.08.2024 समय 15.00 बजे तक, **वेबसाइट का विवरण :** www.ireps.gov.in, **पात्रता मानदंड :** लागू। **नोटः** टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट एवं बयाना राशि केवल IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा ऑनलाइन जमा किये जाने है। 826-AN/24

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

एक पेड़ मां के नाम अभियान, पौधारोपण में झलका उत्साह

मसूदा में एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया।

- **विद्यार्थियों ने की पौधों के महत्व पर चर्चा वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ कार्यक्रम**

मसूदा, (निसं)। मसूदा उपखंडकी ठाम पंचायत कानाखेडा अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोपाल सागर में विभाग के आदेशानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम में एक पौधा, माँ के नाम आयोजित किया गया। शिक्षकों ने पौधशाला खरवा से 151पौधे लाकर विद्यार्थियों को वितरित किया और पौधे को अपने अपने घर पर लगाने व सुरक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई। संस्था प्रधान केसर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ पर्यावरण को हरा भरा रखने हेतु प्रेरित किया।

वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कर किया गया। कार्यक्रम में अमरचंद पीईईओ कानाखेडा, संतोष उप सरपंच ग्राम पंचायत कानाखेडा, महेन्द्र सिंह अध्यक्ष एस एम सी, भरत लाल खंगार प्र. अ. चांदा का बाडिया, शाला स्टाफ दिनेश परोदा, धारा सिह, संतोष पोसवाल आदि उपस्थित रहे।

हादसे में बाइक सवार की मौत

मकराना, (निसं.)। मकराना में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि एक कार सवार ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज था कि मौके पर ही बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने परिजिनों के बयान पर केस दर्ज कर लिया है।

इस मामले में आसरवा निवासी भवानी सिंह (54) पुत्र प्रहलाद सिंह राजपूत ने रिपोर्ट में बताया कि, उसके चाचा गोपाल सिंह पुत्र दयाल सिंह बुधवार, 17 जुलाई की सुबह 10:30 बजे अपने खेत से आसरवा स्थित अपने घर जा रहे थे। इस दौरान, प्रिंस स्कूल के पास सामने से आ रहे कार नंबर आरजे 18 यूए 9028 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उसके चाचा की बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर से गोपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उनके शव को कुचामन सिटी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

एसपी ने पढ़ाया छात्राओं को साइबर क्राइम का पाठ

टॉक-शो में कक्षा 8 से 12वीं तक की छात्राओं ने भाग लिया

अजमेर, (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई इन दिनों शिक्षक की भूमिका निभाते हुए स्कूली छात्र- छात्राओं से रूबरू होकर साइबर क्राइम का पाठ पढ़ा रहे हैं। साइबर क्राइम और सोशल मीडिया से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बता कर स्वयं और परिजन को सचेत कर रहे हैं। जिले की कानून व्यवस्था के साथ शिक्षक की भूमिका में नजर आ रहे जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने गुरुवार को जयपुर रोड स्थित सोफिया सीनियर सैकंडरी स्कूल में एक टॉक-शो का आयोजन कर छात्राओं को समय को कैसे व्यवस्थित रहे इसके बारे में विस्तार से समझाया। टॉक-शो में कक्षा 8 से 12वीं तक की छात्राओं ने भाग लिया।

एसपी विश्नोई ने छात्राओं को समय का कैसे सदुपयोग करें इसके बारे में भी बताया। उन्होंने सोशल मीडिया के नुकसान और बढ़ते साबइर क्राइम से किस प्रकार बचा जाए इसके बारे में जागरूक रहने और सोशल मीडिया का अधिक उपयोग नहीं करने की सीख दी। उन्होंने यातायात के नियमों की जानकारी हेलमेट की उपयोगिता के बारे में भी बताया। वाहन चलाते समय यदि फोन आए तो कभी बात नहीं करनी चाहिए। सबसे अधिक हादसे वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करते समय होते हैं। कार को ड्राइव करते समय हमेशा सीट बेल्ट लगानी चाहिए।

एसपी विश्नोई ने कहा कि बच्चियां हर परिवार की लाड़ली होती हैं। परिवार में बच्चियों का कहना कोई नहीं टालता, इसलिए उन्हें बताया गया कि यदि उनके भाई, पिता या अन्य रिश्तेदार बिना हेलमेट वाहन लेकर जाए तो उन्हें रोके और कार में हमेशा सीटबेल्ट का उपयोग करें। सोफिसा सीनियर सैकंडरी स्कूल प्रशासन ने एसपी देवेंद्र विश्नोई का आभार भी जताया।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

टोड़रमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2024-25/ दिनांक :- 12/07/2024

ई-निविदा सूचना संख्या 05/2024-25

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि 396.56 लाख की ई–निविदा दिनांक 25.07.2024 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- AJD2425WSOB00039 - 43

राज.संवाद/सी/24/2424 अधिशाषी अभियन्ता, अजमेर विकास प्राधिकरण

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ/24-25/भवन/319 दिनांकः 18/7/2024

आपति सूचना

श्रीमती कोमल वनजानी पत्नी श्री सुनील वनजानी एवं श्री भावेश वनजानी पुत्र श्री सुनील वनजानी निवासीगण 42/11 हिल टॉप विहार कॉलोनी अजयनगर अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति जिस पर ए.एम.सी. नं. 1222/28 का पश्चिमी भाग है जो वाकै आदर्श नगर को-ऑपरेटिव हाऊसिंग लिमिटेड आदर्श नगर अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 161.23 व.मी. है भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार हैं।

पूर्व - मुख्य नसीराबाद रोड पश्चिम - 12 फुट चौड़ा रास्ता आम
उत्तर - नाला दक्षिण - सम्पति श्री नेम्भा की है

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

पौधारोपण किया

नागौर, (निसं.)। जिला मुख्यालय के निकटवर्ती इंदास गांव में व्यापक के स्तर पर पौधारोपण किया गया। इंदास में नरसिंह मंदिर परिसर में 31 जुलाई 2024 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोगेलाव में शारीरिक शिक्षक पद से सेवानिवृत होने वाले हनुमान सिंह देवडा के मार्गदर्शन में यह पौधारोपण किया गया। देवड़ा के शिष्यों द्वारा उनके प्रेरणादायी राजकीय कर्तव्य निर्वहन व समर्पण कार्यक्रम के रूप में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केशवदास बगीची बख्तसागर, नागौर के महंत संत जानकीदास महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक गिरधारी लाल, समाजसेवी व भामाशाह हरिराम धारणिया,अलाय के पर्यावरण प्रेमी मोहन राम सुथार, अजय शर्मा, पुखराज गोदारा व सुशील गोदारा सहित अनेक सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

इस अवसर पर हरदीन चोटिया, श्रीराम चोटिया, खुमाराम सारण, मोहन राम, किशनराम, भंवरराम तिरदिया, रामुराम चोटिया, भंवरराम पूनिया, निंबाराम मांजू, छगनाराम चोटिया, नारायण राम चोटिया, नारायण भादू, श्रवण मांजू व प्रभु राम चोटिया सहित अनेक ग्रामीण जन व मातृशक्ति की उपस्थित रही । इस अवसर पर संत जानकीदास महाराज ने कहा कि एक सच्चा गुरु वही होता है जो अपने कार्यों द्वारा अपने विद्यार्थियों और समाज को नई दिशा देता है। उन्होंने बताया कि शारीरिक शिक्षक हनुमान सिंह देवड़ा ने अपने जीवन के द्वारा अपने कर्तव्य को प्रस्तुत किया है। इससे प्रेरणा लेकर बहुत से युवाओं ने समाज में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता व संस्कृति में प्रकृति को भी देवत्व के रूप में माना गया है। प्रकृति के सभी घटक पेड़ पौधे, मिट्टी, वायु व जल की पवित्रता व सुरक्षा की कामना की गई है। इसलिए शांति पाठ आदि श्लोकों में भी प्रकृति के शांत रहने की कामना की गई है। यह प्रकृति तथा मनुष्य के आत्मीय संबंध को प्रकट करता है।

स्काउट्स सम्मानित

मकराना, (निसं.)। मकराना में भीषण गर्मी के बीच रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की जल सेवा करने वाले स्काउट्स को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को भामाशाहों की ओर से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दुर्गा प्रसाद व्यास ने बताया कि भामाशाह बेणीगोपाल, मुन्नालाल दाधीच, पुरुषोत्तम दाधीच द्वारा जल सेवा करने वाले सभी स्काउट व गाइड को स्कूल बैग भेंट कर उत्साह वर्धन किया गया।इस अवसर पर व्याख्याता मेवाराम ने कहा कि हर अच्छे कार्य को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। जिससे दूसरों को सेवा की प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शिक्षा और संस्कार दिए जाते हैं। भीषण गर्मी में जब सभी अपने घरों में विश्राम कर रहे थे। तब यह नन्हे स्काउट व गाइड सेवा का जज्बा लेकर मानवता की सेवा कर रहे थे।मुन्ना लाल दाधीच ने कहा कि हर अच्छे कार्य को जीवन में अपनाएं, स्काउट संगठन सेवा का पर्याय है, जहां भी सेवा की आवश्यकता होती है स्काउट संगठन पूर्ण तत्परता से सेवा कार्य करता है।

विधायक भदेल का आभार प्रकट

अजमेर, (कासं)। राजस्थान बजट 2024 में डबल इंजन की सरकार द्वारा अजमेर दक्षिण विधानसभा में करोडो रुपए के विकास कार्य की स्वीकृति पर दक्षिण विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओ एवं क्षेत्रवासियों ने गुरुवार को विधायक भदेल का ढोल बजाकर व मालाओं के साथ अपनी खुशी व्यक्त करते हुए आभार प्रकट किया।

विधायक अनिता भदेल ने मीडिया से रुबरु होते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से राजस्थान बजट 2024-25 में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विकास हेतु करोडो रुपए के बजट की स्वीकृति मिली है। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की जनता पिछले कई दशक से कच्चे नाले के कारण गंदा पानी सड़कों व कॉलोनियों में बह रहा था, से त्रस्त थी, उनकों राहत मिलेगी। बरसात के दिनों में तो यह हालत हो जाती थी कि कच्चें नालों का पानी घरों में घुस जाता था और पूरे वातावरण में दुर्गंध फैल जाती थी।

उन्होंने कहा कि पहली बार कच्चों नालों को पक्का करने हेतु राज्य सरकार द्वारा अपने बजट में स्थान देकर लगभग 58 करोड़ रूपए का बजट आवंटन किया गया है। उक्त बजट के आवंटन हेतु उनके द्वारा वित्त मंत्री, मुख्यमंत्री से कई बार निवेदन कर अवगत करवाया गया। साथ ही हर उस स्तर तक प्रयास किया है, जो बजट का आवंटन करवा सकता था। अब गढी मालियान, सुभाष नगर, श्रीनगर रोड, अजयनगर, ब्यावर रोड, जेपी नगर, अर्जुनलाल सेठी नगर, रामगंज आदि क्षेत्र के सभी नाले पक्के होने से वर्षा ऋतु में क्षेत्र में पानी भरने व घरो में पानी घुसने की समस्या से उन्हें निजात मिलेगी।

उन्होंने कहा कि दक्षिण विभानसभा क्षेत्र में क्षेत्रवासियों की सुरक्षा हेतु नया थाना, खेलाड़ियों के कौशल निखारने हेतु खेल महाविद्यालय व खेल अकादमी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पार्क व आदर्शनगर में मातृवन, राजकीय महाविद्यालय में बीबीए, एमबीए, बीसीए, एमसीए के साथ-साथ कम्प्यूटर साईंस आदि संकाय, दक्षिण क्षेत्र की सड़कों के लिए भी बजट का आवंटन किया गया है। इन सभी के अतिरिक्त कई अन्य बजट के बारे में भदेल बताया अवगत करवाया गया। सैंकड़ों की संख्या में कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों द्वारा उनका जोर-शोर से स्वागत किया गया। स्वागत करने में तिलक रावत, जिला मंत्री राजेश घाटे, राजेश शर्मा, आदर्श मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र सिंह जादोन, झलकारी बाई मण्डल अध्यक्ष हेमन्त सांखला, आर्य मण्डल अध्यक्ष मोहन लालवानी, पार्षद सीलम बेरवा, रणजीत सिंह नरुका, रजनीश चौहान, अंजना शेखावत, विक्रम तम्बोली, हेमन्त सुनारीवाल, महेन्द्र राव, दिलावर चौहान, गीता जांगिड, सुनिता चौहान, नितेश आत्रे, संदीप माखीजानी, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा गोस्वामी, संतोष मोर्य, मधु भारद्वाज, रोशन, जीवन तेजी, विष्णु सेन, सागर झामनानी, धर्मेन्द्र सुईवाल, रोशन कंजर आदि मौजूद रहें।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ जिला-अजमेर (राज.)

क्रमांक - न.प.कि/PWC/2022/1366 आम सूचना दिनांक : 5.12.2023

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि श्री देवराज टांक पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार टांक द्वारा राजस्व ग्राम किशनगढ बी, क्षेत्रफल 220.00 वर्गगज, खसरा सं. 718 'भाट मौहल्ला' तिलक नगर, मदनगंज किशनगढ पर आवासीय भवन निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड की सीमाएं निम्नानुसार है -

पूर्व में : 28.2 फीट रास्ता पश्चिम में : 5.9 फीट गली
उत्तर में : श्री राकेश सोनी का मकान दक्षिण में : अग्रवाल जी का मकान

अतः उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति / एतराज हो तो आपति सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर नगर परिषद कार्यालय में लिखित में आपति पेश करे बाद मियाद किसी प्रकार की आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी।

आयुक्त नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, परबतसर जिला डीडवाना-कुचामन राज.

E-mail - npparbatsar@gmail.com Phone No. 01589-270141

क्रमांक-न.पा.प/स्टोर शाखा/2024-25/792 दिनांकः- 16.07.2024

निविदा सूचना

नगरपालिका परबतसर के द्वारा नियमानुसार सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 24.07.2024 को 10:00 बजे से है तथा शेष विवरण व निविदा शर्तें आदि सम्पूर्ण जानकारी वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB UBN NO : DLB2425A1025
UBN NO :

DLB2425GSOB03352	DLB2425GSOB03353
DLB2425GSOB03354	DLB2425GSOB03355
DLB2425GSOB03356	

राज.संवाद/सी/24/2441 अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका परबतसर

किशनगढ़ नशा मुक्त का संकल्प

मदनगंज-किशनगढ़, (निसं.)। विधायक डॉ. विकास चौधरी ने विधानसभा में नशा-मुक्त किशनगढ़ मुहिम के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की। चुनावी घोषणा पत्र में भी नशे के बिंदु को प्रथम स्थान पर रख कार्यकाल के पहले दिन से नशे के खिलाफ लड़ाई शुरू कर दी, शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वयं जाकर स्टिंग ऑपरेशन किए।

मुहिम को आगे बढाते हुए अपने संकल्प पत्र के प्रथम बिंदु पर विधानसभा में ध्यान आकर्षण प्रस्ताव लेकर शहर में युवाओं में बढ़ती नशे की लत, नशे के काले कारोबार एवं नशे से समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को लेकर पूर्व जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत एवं वर्तमान प्रशासन को जमकर घेरते हुए नशे के कारोबार में सक्रिय एक गैंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही प्रशासन को चेताया कि जब तक किशनगढ़ नशा मुक्त नहीं हो जाता, चैन से नहीं बैठूंगा। सुझाव भी दिया की तत्कालीन गहलोत सरकार द्वारा नशे के रोकथाम के लिए गठित एसओजी यूनिट को पुनः सक्रिय किया जाये, ताकि युवाओं का भविष्य उज्जवल बनाया जा सके। उन्होंने कहा की नशे की लत को छुडवाने के लिये प्रमुख इलाकों को चिन्हित कर जागरूक शिविर लगाने होंगे। नशा करने वाले अधिकांश युवक बेरोजगार है, राज्य सरकार इनको विशेष रूप से रोजगार उपलब्ध कराये।

पुरानी पेंशल बहाली की मांग, कर्मचारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

अजमेर, (कासं)। केंद्रीय बजट में पुरानी पेंशन बहाली की मांग सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने मांग की है कि भारत सरकार के प्रस्तावित बजट वर्ष 2024-25 में सरकारी कार्मिकों की मांगों को सम्मिलित किया जाए।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष विनोद रत्नू सहित अन्य पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान में पुनः प्रभावी की गई पुरानी पेंशन योजना को निरन्तर रखने की घोषणा की जाए, साथ ही 1 जनवरी 2004 से 31 मार्च 2022 तक नवीन पेंशन योजना में प्रदेश के कर्मचारियों की काटी गई राशि लगभग 41 हजार करोड़ रुपए राज्य सरकार को लौटाते हुए कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में जमा करवाने की घोषणा की जाए।

इस बजट में आठवां वेतन आयोग के गठन की घोषणा, आयकर छूट की

कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित को पी.एम. के नाम का ज्ञापन सौंपा।

सीमा के संबंध में वर्ष 2024-25 के बजट में अन्य पिछडा वर्ग एवं आर्थिक पिछड़ा वर्ग में 8 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वालों को निर्धन मानकर आरक्षण प्राप्त करने में प्रदान की जा रही छूट के आधार पर सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों के लिए भी आयकर छूट की सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 8 लाख की जाए। आयकर धारा 80 (सी) की छूट को पुनः बहाल किया जाए।

कोविड-19 संक्रमण काल में सरकारी कर्मचारियों का माह जनवरी 2019 से माह जून 2021 अवधि में फ्रीज किए गए मंहगाई भत्ते के एरियर राशि के भुगतान की घोषणा और विभिन्न विभागों में नियमित पदों पर संविदा कार्मिकों की नियुक्ति की प्रथा को समाप्त करनेके साथ ही विभिन्न विभागों में नियमित रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति की जाए।

छात्रों का उग्र प्रदर्शन

भीलवाड़ा, (निसं.)। छात्र संगठन एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने किया एमएलवी कॉलेज के बाहर अग्र प्रदर्शन किया। एबीवीपी के इकाई सदस्य मनीष पारीक ने बताया की एबीवीपी के कार्यकर्ता बी ए प्रथम वर्ष का रिजल्ट घोषित नही होने पर पांच बार ज्ञापन देने के बावजूद अब तक रिजल्ट जारी नही होने पर आंदोलन की राह पर थे। कार्यकर्ताओ ने उठा प्रदर्शन करते हुए कॉलेज गेट पर तालाबंदी कर सड़क मार्ग जाम कर दिया। हंगामे की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली थाना पुलिस ने समझाइश का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी। छात्र पुलिस और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे इसके बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए एबीवीपी के दिनेश गुर्जर, अभिषेक और दशरथ साहू को हिरासत में लिया और सख्ती दिखाते हुए कार्यकर्ताओ को खदेड़ा।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नियमन कर फ्री-होल्ड पटटा जारी कराने हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक आवासीय भूखण्ड संख्या 81 जो अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर के राजस्व ग्राम श्रृंगार चंवरी, थोक मालियान (तृतीय) के संख्या संख्या 8054 में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 200.00 वर्गगज अर्थात 1800.00 वर्गफुट है के मूल आवंटी श्रीमती कमला देवी पत्नि स्व0 श्री गुलाब चन्द जी, जाति जैन, निवासी 1221/41, वर्धमान हाऊस, हनुमान नगर, बिहारीगंज, अजमेर की मृत्यु दिनांक 27/09/2018 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र आर्थिक एवं साख्यिकी निर्देशालय कार्यालय, अजमेर द्वारा जारी किया जा चुका है, जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या 0811900100000102948 / 2018 दिनांक 04/10/2018 को जारी है। यह कि श्रीमती कमला देवी पत्नि स्व0 श्री गुलाब चन्द जी ने अपने पुत्र श्री देवेन्द्र कुमार जैन पुत्र स्व0 श्री गुलाब चन्द जैन, निवासी 1221 / 41, वर्धमान हाऊस, हनुमान नगर, बिहारीगंज, अजमेर के हक में एक पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 18/06/2008 को निष्पादित किया एवम् उपजीयन कार्यालय अजमेर (प्रथम) के यहां दिनांक 18/06/2008 को उनके पुस्तक संख्या 03 जिल्द संख्या 82 में पृष्ठ संख्या 139 क्रम संख्या 2008000083 पंजिबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 03 जिल्द संख्या 77 के पृष्ठ संख्या 233 से 239 पर चस्पा किया गया। अपने पंजीकृत वसीयतनामे के आधार पर श्री देवेंद्र कुमार जैन पुत्र स्व0 श्री गुलाब चन्द जैन ने अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर कार्यालय में अपने भूखण्ड संख्या 81 को नियमन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का नियमन किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतरअपनी आपत्ति अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि के पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

नियमन प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज.

गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर

टेलीफोन नम्बर - 01462-230051 ई-मेल- npvijaynagar@gmail.com

क्रमांकः-न.पा.बि./निर्माण.स्वी./2024/1821 दिनांक- 18-7-2024

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका बिजयनगर क्षेत्र में भवन निर्माण हेतु भवन मानचित्र बनाने तथा 90बी हुई कृषि भूमि की योजनाओं के मानचित्र तैयार करने हेतु तकनीकीविज्ञ (प्रारूपकार) एवं स्वामित्व की जांचकर व स्वामित्व प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु स्थानीय निकाय (नगरीय क्षेत्र भवन) विनियम 2020 के नियम 19.2 के अन्तर्गत तकनीकीविज्ञ का पंजीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है।

क्र.सं.	पात्रता	योग्यता
1.	पंजीकृत तकनीकीविज्ञ	डिग्रीधारी / डिप्लोमाधारी /ड्राफ्टमैन को ही प्राथमिकता है।

योग्यताधारक, तकनीकीविज्ञ पंजीकरण हेतु अपना आवेदन पत्र दिनांक 23-1-2024 तक नगरपालिका कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है।(आवेदन शुल्क 100/- रू. जमा कराकर आवेदन पत्र प्राप्त किया जायेगा) अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, मेड़ता सिटी (नागौर)

क्रमांक : न.पा.मे./1292 दिनांक : 18.07.2024

लोक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि निम्न आवेदक द्वारा निम्नलिखित भूमि का भू-उपयोग परिवर्तन करवाये जाने हेतु इस कार्यालय में पत्रावली प्रस्तुत कर निम्नानुसार भू-उपयोग परिवर्तन चाहा गया है।

क्र. सं.	खातेदार का नाम	क्षेत्रफल	प्रयोजन	स्थान का विवरण	पड़ोस का विवरण
1	श्री विनीत कुमार पुत्र श्री तुलसी प्रकाश श्रीमाली जाति ब्राहम्ण निवासी मेड़तासिटी	210.57 वर्गगज	आवासीय भूमि से वाणिज्यक	साबुन घरो का मोहल्ला मेड़तासिटी	उत्तर : गली दक्षिण : आम सड़क पूर्व : रास्ता मोहल्ले का पश्चिम : आम सड़क

अतः किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो नगरपालिका कार्यालय में अपनी आपत्ति 7 दिवस में प्रस्तुत कर सकते है, समय अवधि के बाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्राधिकृत एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका मेड़तासिटी